Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 29-12-2021 | अंक 99

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## बरही बीएसए के पांच खिलाड़ियों का हज़ारीबाग जिला अंडर 14 में हुआ चयन, मिल रही है बधाई

### खिलाड़ियों के खेल प्रतिभा विकसित करने भी बीएसए का अहम योगदान : अब्दुल मनान

अपेम लाइव : बरही



अब्दुल मनान वारसी



अनीश कुमार यादव



सौरव कुमार केशरी



सूरज कुमार यादव



अजित कुमार यादव



अमित कुमार यादव

बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पांच खिलाड़ियों का चयन हज़ारीबाग जिला अंडर-14 की टीम के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियो में अनीश कुमार यादव, सूरज कुमार यादव, सौरभ कुमार केशरी, अजित कुमार यादव एवम अमित कुमार यादव शामिल है। हज़ारीबाग अंडर-14 की टीम 29 दिसम्बर को गिरीडीह के लिए रवाना हो गई। जहां झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा लीग मैच का आयोजन किया जा रहा है। लीग मैच को एसोसिएशन द्वारा ए, बी, सी, डी, ई एवं एफ छः ग्रुप में बांटा गया है। जिसमे हजारीबाग की टीम को ग्रुप डी में रखा गया है। ग्रुप डी में शामिल हजारीबाग टीम का पहला मैच 30दि. सम्बर को जमशेदपुर, दूसरा मैच 2 जनवरी को हजारीबाग व गोड्डा एवं 3 जनवरी को हजारीबाग व गिरीडीह के बीच खेला जाएगा। सभी ग्रुप के विजेता एवं उप विजेता टीम के बीच 5 व 7 जनवरी को जमशेदपुर में सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। वहीं फाइनल मैच चाईबासा में खेला जाएगा। उक्त मैचों में बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पांच खिलाडी हज़ारीबाग जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त जानकारी बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने दी। उन्होंने बताया कि बरही बीएसए के लिए गौरव का पल है कि यहां के खिलाड़ी जिला का प्रति. निधित्व करते नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि बरही के खिलाड़ियो को लगातार बेहतर करने के लिए प्रेरित करता रहा हूं। काफी खिलाड़ियों ने जिला एवं प्रदेश स्तरीय खेल में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन दिखा चुका ह है। खिलाड़ियों के खेल प्रतिभा विकसित करने में बीएसए का अहम योगदान रहा है। अंडर 14 में चयन होने वाले खिलाड़ियों को बरही के प्रबुद्धजनों एवम खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

## वेक्टर क्लासेस के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

### बौद्ध गया, दसरथ मांझी पहाड़ व राजगीर पहुंच ली ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी

अपेम लाइव : बरही



शैक्षणिक भ्रमण में शामिल विद्यार्थी

बरही हजारीबाग रोड में स्थित वेक्टर क्लासेस के विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण कर बौद्ध गया, दसरथ मांझी पहाड़ व राजगीर पहुंच कर ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी ली।। बोध गया पहुंच विद्यार्थियों ने गौतम बुद्ध की ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त की । ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी देते शिक्षक ने राजेश यादव ने बताया कि गौतम बुद्ध फाल्गु नदी के तट पर पहुंचे और बोधी पेड़ के नीचे तपस्या करने बैठे। तीन दिन और रात के तपस्या के बाद उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई। जिसके बाद से वे बुद्ध के नाम से जाने गए। पूरे भारत मे यह भी एक मेडिटेशन का एक बेस्ट केंद्र है। सभी छात्रों ने ग्रुप ग्रुप होकर सभी सभी चीजों को गहराई से जानने का प्रयास करते हुए प्रियंका कुमारी, हर्षिका कुमारी, रिया कुमारी,सैफ , अवधेश कुमार, उज्वला कुमारी व अन्य छात्र छात्राओं ने शिक्षकों से वार्तालाप के माध्यम से बहुत कुछ जाना..। शिक्षक कृष्णा कुमार ने दसरथ मांझी हिल के बारे में बताते हुए कहा कि वह अकेले पहाड़ को काट्कर सड़क का निर्माण किया। पर्वत पुरूष दशरथ माँझी को लगभग 20 वर्षो तक निरुशुल्क छेनी-हथौड़ा पहाड़ तोड़ने के लिए हैमर मैन शिवू मिस्त्री ने प्रदान किया था। उन्हीं के दिए हुए छेनी-हथौड़े से दशरथ माँझी ने पहाड़ काट्कर रास्ता बनाया। दशरथ के कार्य में जान फूँकी थी, इस पहाड़ में मिस्त्री का अहम योगदान रहा। शिक्षक राजेश कुमार ,कृष्णा कुमार, अरुण कुमार, दामा. `दर कुमार के निगरानी में संस्थान के सैकड़ों छात्रों ने ऐतिहासिक स्थलो के बारे में जाना। इस मौके पर निदेशक दीपक गुप्ता ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भम्रण से छात्रों का आत्म ज्ञान बढ़ता है एंव शरीरिक मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। सभी छात्रो को अपने जीवन ऐतिहासिक स्थल के बारे में पहुचकर जानना चाहिए। शैक्षणिक भ्रमण में प्रियंका कुमारी , सना प्रवीण , बबली कुमारी,पीयूष कुमार, ससंग केशरी, मनोहर कुमार, शशि कुमार,तबसुम प्रवीन ,रोहित कुमार, राहुल कुमार, दीपिका कुमारी, रानी मुसरत,पायल कुमारी,निशा कुमारी, शिवानी कुमारी, मोनिका केशरी,अंकिता कुमारी, पूजा कुमारी, आकांक्षा कुमारी, पल्लवी कुमारी, मुसकान कुमारी, ईशा शर्मा, अनीश कुमारी, दिव्या कुमारी व संस्थान के कई छात्र शामिल थे।

## नव वर्ष 2022 के आगमन को लेकर प्रजा. पिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन

### पुराने संस्कारो को छोड़ नए संस्कारों को धारण करने का संकल्प

अपेम लाइव : बरही




कार्यक्रम का उद्घाटन करते श्रद्धालु

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के पटना रोड केंद्र बरही की ओर से बुधवार को नव वर्ष 2022 के आगमन की खुशी में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया ग्याम कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर केंद्र प्रभारी ब्रह्मा कुमारी रीना बहन, बीके पवन, बीके रामदेव ने किया । इस अवसर पर ब्रह्मा कुमारी रीना बहन ने कहा कि नए युग सतयुग का स्थापना का कार्य प्रजा. पिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा विश्व के 140 देशों में किया जा रहा है । नए वर्ष में नए युग के लिए नई उमंग उत्साह से लोगों के प्रति पेश आएं। मौके पर रांची से पधारे बीके रामदेव ने कहा कि पुराने वर्ष में पुराने संस्कारों को समाप्त कर नए संस्कारों को धारण करें । साथ ही पुरानी स्मृतियों को भूल कर सबको क्षमा कर नए वर्ष का संकल्प लेकर स्वागत करें । योग प्रशिक्षक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए योग को अपनाएं और नए वर्ष का स्वागत करें। तन को शक्तिशाली बनाने के लिए आसन, प्राणायाम एवं व्यायाम जरूर करें। कार्यक्रम में नृत्य संगीत का भी आयोजन किया गया । कार्यक्रम में बीके पवन, सहदेव ,कारू, सावित्री देवी, सुनीता, संजू, किरण, सोनी ,ज्योति, राखी, आदि लोग मौजूद रहे

## गैरमजूरवा सार्वजनिक जमीन को अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप

### कब्जा मुक्त करने की मांग को लेकर कोयली के ग्रामीणों ने एसडीओ एवं सीओ को सौपा ज्ञापण

अपेम लाइव : बरही



अतिक्रमण कर घेरा हुआ जमीन

बेन्दगी पंचायत के कोयली ग्राम के ग्रामीणों ने सार्वज. निक भूमि खाता संख्या 27 प्लॉट संख्या 1427 जो सर्वे खतियान में गैरमजरूआ खास है , कि जमीन को अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाते हुए बरही एसडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी को ज्ञापण सौपा है। दिए ज्ञापण में ग्रामीणों ने बताया है कि उक्त जमीन सार्वजनिक है एवं कोयली गांव के ग्रामीण उसे सार्वज. निक उपयोग में लाते हैं । स्कूली बच्चे इसी जमीन पर खेलकूद करते है। सामूहिक चारागाह भी है। इसके बाद भी गांव के ही मोहम्मद कयूम उर्फ मोछना पिता स्वर्गीय आकूब मियां उपरोक्त भूमि पर बाजबरन घर बना लिया है एवं बचे हुए भूमि को सीमेंट तथा तार से घेर कर अपने कब्जे में कर लिया है। जिसके कारण मुख्य रूप से हम सभी ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है । जब हम सब ग्रामीण इसका वि. रोध करते हैं तो मोहम्मद कयूम गाली गलौज एवं मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इनहोने पहले भी घर बनाने के लिए अवैध रूप से सरकारी जमीन का अतिक्रमण किया था। जिसको लेकर बरही एसडीओ कार्यालय में धारा 144 के तहत मुकदमा भी चला था। जिसमें बरही अनुमंडल कोर्ट ने साफ कहा था कि प्रश्न गत भूमि पर किसी तरह का कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता । क्योंकि उक्त जमीन सार्वजनिक है। ग्रामीणों ने बताया की प्रशासन का कोई भी डर अतिक्रमणकारी को नहीं है। जिसके कारण उसका मनोबल हमेशा बढ़ता जा रहा है। ज्ञापण में मो एहशान, अब्दुल करीम, मो तैयब अली, मो सेराज ऊद्दीन, ऊगर महतो, मो इस्लाम, चोलो महतो,अजीम, रमजान, रहमत अली, केशो महतो, मो अरबाज सहित कई लोगो का हस्ताक्षर है।

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## लस्करी के युवाओं ने ज्वाहर घाट में लिया वनभोज का आनंद

**अपेम लाइव : बरही**



नए वर्ष के आगमन के पूर्व पिकनिक स्पॉट में लोंगो का भीड़ देखने को मिल रही है। वहीं बुधवार को लस्करी के युवाओं ने डीजे के साथ बरही ज्वाहर घाट में वनभोज का आनंद लिया। युवाओ में नव वर्ष को लेकर काफी उमंग देखा जा रहा है। वहीं लस्करी के साथी मो जु. ल्फिकार अंसारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष हम सभी युवा एक बार वनभोज का आनंद लेते है। जिससे हमारा भाई चारा बना रहे। मौके पर मो निसार, मो रौशन, पिंटू कुमार, सनी कुमार, दीपक कुमार, मो सागीर, बादल कुमार, मो इरशाद, रोहित कुमार, संदीप कुमार, मो कुमार, मो मुस्तकीम, मो राजा, मो वारिश, गौतम बेलाल, महादेव कुमार एवं कई लोग शामिल थे।

## हज़ारीबाग़ जिला में 24 लाख हनुमान चालीसा वितरण की है लक्ष्य : महंत विजयानंद दास

### श्री हनुमान चालीसा वितरण समिति की बैठक में हनुमान चालीसा वितरण पर चर्चा, बनी रणनीति

**अपेम लाइव : हज़ारीबाग़**



बडा अखाड़ा हजारीबाग मे श्री हनुमान चालीसा वितरण समिति के द्वारा घर घर हर घर हनुमान चालीसा वितरण अभियान के लिए श्री हनुमान चालीसा वितरण समिति के उपाध्यक्ष भास्कर दुबे जी के नेतृत्व मे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हज़ारीबाग़ बडा अखाड़ा ठाकुरबाड़ी के एवं श्री हनुमान चालीसा वितरण समिति के अध्यक्ष महंत विजयानंद दास जी ने किया। बैठक में हज़ारीबाग़ भाजपा के अनुपम सिन्हा भी उप. स्थित थे। बैठक में महंत विजयानंद दास जी ने बताया की पूरे हज़ारीबाग़ ज़िले में 24 लाख श्री हनुमान चालीसा वितरण करना है और इस योजना की सफल सुरुआत इचाक प्रखण्ड से की गयी है, पूरे इचाक प्रखण्ड में 3 लाख श्री हनुमान चालीसा वितरण करना है। भाजपा के अनुपम सिन्हा ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में सबो को मिलकर श्री हनुमान चालीसा का वितरण करना हमसबों का लक्ष्य है बैठक मे केरेडारी प्रखण्ड प्रभारी के रूप में अविनाश कुमार जी, इचाक प्रखण्ड प्रभारी के रूप में संतोष कुमार जी को, केरेडारी प्रखण्ड संयोजक के रूप में मदन कुमार पाण्डेय तथा केरेडारी प्रखण्ड सह संयोजक के रूप में श्रवण कुमार राणा को बडकागाँव प्रखण्ड संयोजक के रूप में तीव्र कांत, सह संयोजक के रूप में अमित कुमार दांगी तथा सुरज कुमार मेहता को तथा कटकमदाग प्रखण्ड संयोजक अजय कुमार तथा सह संयोजक के रूप में रवि यादव को नियुक्त किया गया। बैठक मे नियुक्ति के बाद श्री हनुमान चालीसा को घर घर पहुंचाने तथा जन समान्य को हनुमान चालीसा पाठ की प्रेरणा के हेतु सभी के द्वारा संकल्प लिया गया। मौके पर महंत श्री विजयानंद दास, भाजपा के अनुपम सिन्हा, भास्कर दुबे, संतोष सिंह, अविनाश कुमार, तीव्र कांत, अमित कुमार दांगी, सुरज कुमार मेहता , अजय कुमार, आन्नद प्रकाश पाण्डेय, मनोज पाण्डेय , आशुतोष पाण्डेय, विजय पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

9122222016

बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

## खोड़ाहर पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि एव जनप्रतिनिधयों को नही है गरीबों की चिंता

### बारिश से विधवा सुशीला देवी का घर गिरने का कागर पर, फरियाद लगाकर थकी, केवल आश्वासन

**अपेम लाइव : बरही**



विधवा महिला का कच्चा मकान


बरही के खोड़ाहर पंचायत में गरीब को देखने वाला कोई नही है। चाहे पंचायत के मुखिया हो, पंचायत के पंचायत समिति सदस्य हो या चाहे जिला परिषद सदस्य हो अथवा प्रशास. निक पदाधिकारी ही क्यों न हो। सभी मानो अपनी स्वार्थ की राजनीति करते हैं। इस पंचायत में चापल. ूसी इस कदर हावी है कि गरीब असहाय फरियाद लगाकर थक चुके है। इसके बाद भी उनका सुनने वाला कोई नही है। इसका जीता जागता उदाहरण बरही प्रखंड के खोड़ाहर पंचायत के चार माइल निवासी सुशीला देवी पति स्वर्गीय प्रदीप यादव है। इनका घर कभी भी गिर सकता है । दो दिनों से हो रही हल्की बारिश में भी पूरा अंदर का हिसा में पानी आ गया है। विधवा महिला पूरी रात जाग कर समय बिता रही हैं। महिला की माने तो मुखिया खिरोधर यादव से भी कई बार आवास के लिए फरियाद लगा चुकी है। लेकिन उनके समस्या के प्रति मुखिया जी की नजरे इनायत नही हुई है। परेशान महिला काफी प्रतिनिधि गण से मदद की लेकर दूरभाष के माध्यम से प मदद की गुहार लगाई। लेकिन कहीं से किसी ने मदद नही की। मानो सभी की संवेदना मर चुकी है। जनता प्रति. निधि चुनती है। लेकिन वैसे प्रतिनिधि किस काम के जब एक विधवा महिला की छोटी सी समस्या पर ध्यान नही दे पा रहे हैं। हालांकि एक समाज सेवी रोहित यादव ने अपने सामर्थ्य के अनुसार मदद का प्रयास किया। उन्होंने ने इसकी जानकारी सबसे पहले बरही सी ओ सह बी डी ओ को दी और तत्काल राहत की अपील की। बारिश के कारण घर मे रखा अनाज भी पूरी तरह भींग गया है। उनके समक्ष फिलहाल अन्न की भी संकट उत्पन्न हो गई हैं।

## डीएवी स्कूल में पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप के अंतर्गत हस्तकला निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

### बेहतर कला प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत

**अपेम लाइव : बरही**





डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में नव वर्ष के उपलक्ष में ग्रीटिंग काड्र्स निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एल के जी से लेकर एकादश वर्ग के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। एलकेजी से पंचम वर्ग में यह कला अ०नलाइन आयोजित की गई थी। एलकेजी से यू के जी वर्ग में प्रथम स्थान श्रेया अभिराम यूकेजी , द्वितीय स्थान मिसवाह अंसारी यूकेजी, सानवी वर्मा यूकेजी और तृतीय स्थान अथर्व गुप्ता यूकेजी, हर्षवर्धन एलकेजी ने प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम की देखरेख संध्या सिंह, मुन्नी कुमारी और नीरु कुमारी के द्वारा की गई।कक्षा तीसरी से पंचम वर्ग में प्रथम स्थान समृद्धि केशरी चतुर्थ सी, प्रिया कुमारी पंचम बी द्वितीय स्थान शुभम कुमार चतुर्थ सी और तृतीय स्थान सृष्टि राज पंचम अ, दीप्ती पांडे तृतीय सी ने प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम की देख रेख शशांक सिन्हा के द्वारा की गई। कक्षा छठी से अष्टम वर्ग में प्रथम स्थान निधि कुमारी अस्टम अ, दूसरा स्थान शैलजा सप्तम ब और तीसरा स्थान स्नेहा सुमन अस्टम ब ने प्राप्त किया। कक्षा नवम से एकादश वर्ग में प्रथम स्थान रिया कुमारी दशम सी, गौरी कुमारी दसम सी और तृतीय स्थान पीहू कुमारी ने प्राप्त किया। सफल प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि हर विद्यार्थी के अंदर कोई न कोई कला छिपी होती है। जरूरत है उसे ढूंढ कर उभार ने की। डीएवी पब्लिक स्कूल सदैव इस प्रक्रिया को बनाए रखने में विश्वास करता है। विद्यालय प्रबंधन अपनी शिक्षकों की टीम के साथ बच्चों में छिपे गुणों को ढूंढकर उसे दिशा दिखाने में सदैव प्रयत्नशील रहते हैं। वर्तमान समय में बच्चों के जो शौक हैं वह आगे चलकर उनके लिए एक कैरियर अ०प्शन भी हो सकता है। इसलिए हमें छात्रों के अंदर नव. निर्माण की कला को सदैव प्रोत्साहित करना चाहिए ।प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि डीएवी प्रबंधन सदैव बच्चों के पठन पाठन के साथ पाठ्य सहगामी क्रिया कलाप के विकास पर भी विशेष ध्यान देती है। पाठ्य सह गामी क्रिया कलाप के अंतर्गत विद्यालय में विभिन्न अवसर पर लेखन, चित्रकला, भाषण, खेलकूद आदि विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं । इस कार्यक्रम के अच्छे परिणाम समय समय पर मिलते रहे हैं। इसलिए प्राचार्य महोदय ने सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे छात्र–छात्राओं के अंदर निर्माण की क्षमता का पहचान करें और उसे दिशा दिखाने का प्रयास करते रहें। यह कला बच्चों को आने वाले भविष्य में उनके लिए सहायक सिद्ध हो सकती है। पूरे कार्यक्रम की देखरेख सीसीए इंचार्ज राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा की गई तथा बच्चों को दिशा निर्देश और निर्णायक की भूमिका लल्लन यादव,रेखा सिंह के द्वारा निभाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओ की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही ।

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

**हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य**

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गों के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## शुभम बादल ने तटरक्षक जनरल की ड्यूटी में प्रथम स्थान प्राप्त कर गांव का नाम किया रोशन

### माता पिता और गुरुजनों को दिया श्रेय


**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



टंडवा धनगड्डा रोल निवासी शुभम बादल ने एनसीसी स्पेशल एंट्री में भारतीय वायु के मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान प्राप्त किया एवं तटरक्षक जनरल की ड्यूटी की दूसरी सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर चतरा जिला समेत अपने गांव का नाम रोशन किया है।शुभम बादल सुधीर कुमार के भतीजे है बताया की मेरी दादी देवमंती देवी और दादा नरेश प्रसाद सिंह के आशीर्वाद से यह सफलता हासिल की। सुभम बादल,पिता सुशील कुमार के पुत्र है। ग्राम- रोल, धनगड्डा, चतरा, के निवासी है।एनसीसी स्पेशल एंट्री में भारतीय वायु सेना (फ्लाइंग ब्रांच) मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। और सहायक कमांडेंट - तटरक्षक जनरल ड्यूटी की दूसरी सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया।मालूम हो कि सशस्त्र बलों में अधिकारी बनने के लिए, एसएसबी (सेवा चयन बोर्ड) को पास करना आवश्यक है। शुभम ने बताया कि 2016 से (पिछले 6 वर्षों से) एसएसबी दे रहा हूं। मैंने एनडीए, एएफसीएटी, सीडीएस लिखित सभी रक्षा परीक्षाओं को मंजूरी दे दी है। और अंत में एनसीसी विशेष प्रविष्टि के माध्यम से 30 जुलाई 2021 को एएफएसबी देहरादून से वायु सेना (उड़ान शाखा) के लिए अपने 9 वें प्रयास में एसएसबी में सिफारिश की गई। मुझे सहायक के लिए 10वें प्रयास में भी सिफारिश मिली है। कमांडेंट तटरक्षक बल में।सशस्त्र बलों में शामिल होने की मेरी प्रेरणा साहसिक जीवन शैली, वर्दी और समाज में सम्मान थी। मेरी प्रेरणा तब दृढ़ हो गई जब मैंने 12 वीं के बाद कोयंबटूर में नेवी टेक के लिए अपने पहले एसएसबी में भाग लिया। फिर मैं 2 झार एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रांची में एनसीसी एयर विंग में शामिल हो गया। मैंने ।पअेब, त्क्ब जैसे विभिन्न राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय शिविरों में भाग लिया, जहाँ मैं अखिल भारतीय तीसरा सर्वश्रेष्ठ कैडेट था, और ल्म्च-कजाकिस्तान में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया। मैं एक अच्छा निशानेबाज भी था। मुझे एनसीसी में कई अधिकारियों से मिलने का मौका मिला, जिसने मुझे बलों के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ तैयार करने के लिए प्रेरित किया।मैंने एक आलराउंडर बनने के लिए कड़ी मेहनत की और अपनी पढ़ाई, फिटनेस और अतिरिक्त पाठ्यचर्या को संतु. लित किया। मैं परिवार को आर्थिक रूप से मदद करने के लिए होम ट्यूशन देता था और बाकी सब कुछ समान रूप से प्रबंधित करता था। मैंने पूरे दिन एक कठिन और व्यस्त दिनचर्या का पालन धैर्य के साथ किया। मैं विभिन्न एनजीओ का भी हिस्सा हूं ।क्योंकि मुझे हर संभव तरीके से लोगों की मदद करना पसंद है। बताया कि यात्रा इतनी आसान नहीं थी, यह उतार-चढ़ाव से भरी थी, संघर्ष के दौर में आ. र्थक ,चिकित्सकीय , भावनात्मक रूप से आगे बढ़ते हुए विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, लेकिन कभी हार नहीं मानी ।मेरा परिवार और दोस्त मेरे लिए निरंतर समर्थन का स्रोत रहे हैं। अब मेरे परिवार, दोस्तों, आकाओं, समाज, गांव और मेरे देश को वापस भुगतान करने का मेरा समय है। मैं अपनी सफलता का श्रेय उन सभी को देता हूं।

## ओलावृष्टि से सिमरिया में भारी नुकसान, क्षेत्र के किसान मायुस

### ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को मिले उचित मुआवजा : कुमार शुभम



**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**

चतरा - मंगलवार को देर शाम ओलावृष्टि ने किसानों की उम्मीदों पर पूरी तरह पानी फेर दिया। अच्छी फसल की उम्मींद कर रहे किसान को कुदरत की ऐसी मार लगी कि पांच मिनट तेज गति से हुई ओलावृष्टि ने सरसों, टमाटर, आलू, राहड, चना की फसल को जमीन पर बिछा दी। किसानों के अनुसार ओलावृष्टि से सरसों, चने, तिलहन, दलहन व विभिन्न प्रकार के मौसमी फसल को भारी नुकसान हुआ है। मंगलवार की देर शाम पुरे प्रखंड क्षेत्र में भारी बारिश हुई। बा. रिश के साथ क्षेत्र में ओलावृष्टि भी हुई। ओलावृष्टि से किसानों के फसल का काफी नुकसान बताया जा रहा है। भा. जपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुमार शुभम ने बताया कि मंगलवार की शाम हुई ओलावृष्टि से सिमरिया सहित पुरे जिले में फसलों को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि सरसों की फसल में फुल तैयार हो गई थी। लेकिन, ओलावृष्टि ने फुल झाड डाला व किसानों के मेहनत पर पानी फेर दिया है। ओलावृष्टि से फसल में लगभग 50 प्रतिशत के आसपास नुकसान की संभावना है। उन्होंने सरकार से मांग कर ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्र में उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार से मौसम खराब होने की चेतावनी दे रखी थी। बुधवार को सुबह से ही आसमान में बादलवाई हो गई थी। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तिन दिन और मौसम खराब रहेगा तथा बारिश व ओलावृष्टि होने की संभावना है।

APEM LIVE

आज का पञ्चाङ्ग----
आज का अंग्रेजी दिनांक 30.12.2021
शुभसंवत् ---2078(आनंद)
शके---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ऋतु---हेमन्त
माह---पौष
पक्ष---कृष्ण पक्ष
तिथि---एकादशी तिथि दिन 09: 30 तक उपरांत द्वादशी तिथि
दिन---गुरुवार
नक्षत्र---विशाखा नक्षत्र
योग---धृति
करण---वा
सूर्योदय ---प्रातः 06:47
सूर्यास्त रू संध्या 05:13
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा रू---तुला राशि में दिन 03रू48 मिनट तक उपरांत वृश्चिक राशि में
आज का राहूकाल दिनरू---01:30 बजे से दिनरू---03रू00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तरू---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटरू---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)



संदीप शर्मा

पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## प्रत्येक मंगलवार को मंदिर में होगी महाआरती

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




प्रखंड के बजरंगबली के मंदि. रों में हर मंगलवार को नियमित आरती की जायेगी। अखिल भारतीय हिन्दू महासभा की विष्णुगढ़ इकाई ने यह कार्यक्रम तय किया है। विष्णुगढ़ के करोंज मोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर से इसकी शुरुआत की गई है। हिन्दू महासभा विष्णुगढ़ प्रखण्ड कमेटी ने तय किया कि हर मंगलवार को प्रखंड के अलग-अलग हनुमान मंदिरों में महाआरती की जाएगी। करोंज मोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर में महाआरती का आयोजन कमेटी के बबलू गुप्ता की ओर से किया गया। आरती में मुख्य रूप से विष्णुगढ़ प्रखंड प्रमुख भास्कर दूबे, बबलु कुमार, चिंतामणि पटेल, शुभम, अनिल, राजन, प्रिंस, शुभम आदि शामिल थे।

APEM LIVE

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




प्रदर्शन करते झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के आंदोलनकारी

सरकार की अनदेखी से क्षुब्ध झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के आंदोलनकारियों ने बुधवार को नागी पंचायत स्थित जमनीजारा में प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक गुप्ता ने किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से झारखंड आंदोलनकारियों की यथाशीघ्र पहचान कर सम्मान व पेंशन देने की बात कही। मोर्चा के संयोजक भुवनेश्वर केवट ने कहा कि झारखंड राज्य राज्य के गठन के 21 वर्ष बीत जाने के बाद भी झारखंड की दशा और दिशा में सुधार नहीं आया है। आज भी लोग रोजी रोटी के लिए बाहर पलायन करने के लिए मजबूर हैं। इस राज्य का दुर्भाग्य है कि राज्य के लिए संघर्ष करने वाले आंदोलनकारियों की अभी तक पहचान नही हो सकी है। स्थानीय नियोजन नीति के बिना राज्य के युवा बदहाल हैं। कहा कि जल, जंगल, जमीन और खनिज पर आज भी माफिया ता. कतें हावी हैं। चुनाव से पूर्व सरकार ने वादा किया था कि एक साल के भीतर आंदोलनकारियों की पहचान कर पेंशन और सम्मान दिया जाएगा। लेकिन ये बातें महज छलावा साबित हुई है। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय प्रवक्ता पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का मतलब राज्य के हर चेहरे पर मुस्कान लाना था। लेकिन इसके विपरीत सत्ताधारी सत्ता का सुख भोग रहे हैं। कहा कि आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा फ़रवरी माह में उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होगी। सभा को पच्चू राणा, इरशाद खान, चिंतामण महतो, निर्मल महतो, मेहीलाल बेसरा, बद्री प्रसाद, श्रवण कुमार, बासुदेव मंडल समेत कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर चरकू सिंह, सुमित्रा देवी, सोबरन किस्कू, गुलाम रसूल, महावीर गंझू, मिहीलाल हांसदा, छेदी ठाकुर, गौतम सिंह, अशोक सिंह, काजल कुमारी समेत कई लोग शामिल थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बारिश ने किसानों को तोड़ी कमर

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



झारखंड के गिरिडीह जिले में लगातार दो दिनों से रुक रुक कर बारिश ने किसानों का कमर तोड़ दी है। बता दे कि बिरनी प्रखंड अंतर्गत हर पंचायत में किसानों ने रोजी रोटी के लिए ईट भठा का निर्माण करना शुरू किया था। शुरुआत में ही ईट भाठा लगने की शुरुआत करना था। तब लगातार बा. रिश ने ईट को बनाने के आपने पसीना बहा कर ईट पाकर रात की चूल्हा जलता था।तब आपने पेट को भरता था। वही बारिश ने बिरनी में हज़ारों किसानों की कमर तोड़कर रखा दिया है।वही किसानों ने कहा कि झारखंड सरकार को इस विषय मे गंभीरता लेकर किसानों को मुआबजा दें।

## भाकपा माले की भरकट्टा में जीवी बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बैठक में शामिल लोग

बिरनी प्रखंड के भरकट्टा में बुधवार को माले की जीवी बैठक सम्पन्न हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता सहदेव यादव संचालन अशर्स तुरी ने किया। बैठक में 16 जनवरी महेंद्र सिंह की शहादत दिवस की तैयारी को लेकर किया गया। वही मुसतिकीम अंसारी ने कहा बगोदर विधानसभा में एक तरफ माले है और दूसरे तरफ भाजपा है इस बार ऐसा श्रृंखला बनाये की भा. जपा को मुह तोड़ जबाब देंगे। कि एक दो को पार्टी से तोड़ने से हमारे पार्टी को कमजोर नही होने देंगे। वही पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह ने कहा कि बिरनी बगोदर लाल झंडा की धरती है।यह कितने दूसरा पार्टी जोर लगा ले लेकिन लाल झंडा को कभी भी कुछ नही कर सकता है। इस बैठक में महेंद्र सिंह के शहादत दिवस मनाने की संकल्प लिया संकल्प के जिस तरह पूरे देश के किसानों को संगठित होकर मोदी सरकार के खिलाफ आंदोलन किया। और तीन कला कानून को वापस कराने में कामयाब हुआ ठीक उसी तरह भाकपा माले के कार्यकर्ता ने गांव गांव घूम कर झमस के सदयता का अभियान चला कर किसानों का दस्ताना चला कर के इंकलाबी नौजवान का सदस्यता अभियान चलाकर के गांव गांव में इसका जोरो से तैयारी चला करके पूरा दस हजार लोग पूरा बिरनी से निकले और अभी तक का रिकoर्ड रहा उसको भी हमलोग इस शहादत दिवस में जोरदार रिकॉर्ड बनाएगें। इस जिला परिषद के जितने लोग हैं चाहे जिला परिषद का चुनाव हो मुखिया के चुनाव हो प्रत्येक पंचायतों में भाकपा माले के कार्यकता चुनाव लड़ेंगे। वही बगोदर विधायक विनोद सिंह ने कहा कि महेंद्र सिंह के लोग बहुत याद करते हैं। और सबसे ज्यादा वही लोग याद करते हैं जिसे महेंद्र सिंह को कभी याद नहीं करना चाहिए। वही लोग ज्यादा याद करते हैं महेंद्र सिंह के याद करने की जरूरत है। महेंद्र सिंह ने जो पार्टी को चुना के झंडे को चुना और लाल झंडा कि बगोदर में खिल रहा है। सीताराम सिंह सीताराम पासवान रामु बैठा विक्रम आनंद राय,इरफान अन्सारी,अली असगर, जानकी रजक, अशोक बैठा, सहदेव यादव मुस्तकीम अन्सारी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे माले कार्यकर्ता।

भाजपा छोड़कर भापका माले शामिल हुई कई महिला

रूबी देवी,उषा देवी,प्रमिला देवी, निमिया देवी,सुनीता देवी, स्वाहा देवी,यशोदा देवी, अनिता देवी, कलावती देवी, युमनी देवी, सेवक वर्मा और गौरी देवी

## चतरा पुलिस की फिर एक बार अफीम माफियाओं पर की बड़ी कार्रवाई ब्राउन सुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

### राजपुर थाना क्षेत्र के हरहद गांव से लगभग दो सौ ग्राम ब्राउन सुगर के साथ एक गिरफ्तार

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




चतरा के जांबाज आरक्षी अधीक्षक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के प्रयास से अफीम माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और जिसका परिणाम है कि इन दोनों पदाधिकारी के सक्रियता के कारण अफीम माफियाओं के कमर तोड़ दिए जा रहे हैं।इन्ही दो पदा. धिकारियों के सक्रियता के कारण बुधवार को एक बार फिर अफीम माफियाओं नशा के सौदागरों के खिलाफ जबरदस्त सफलता मिली है।प्राप्त प्राप्त जानक. ारी के अनुशार आरक्षी अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि राजपुर थाना क्षेत्र अफीम के सौदागरों की एक टीम सक्रिय है जिसके बाद आरक्षी अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर चतरा एस डी पी ओ ने एक टीम की गठन की जिसमे राजपुर थाना प्रभारी मुकेश कुमार,एवं विकास यादव को लगाया गया।जिसमें राजपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में इसी थाना क्षेत्र के हरहद गांव के जोधन यादव पिता प्रयाग यादव के घर छापा मारा गया।जहां पर जोधन के द्वारा अफीम को सुखा कर ब्राउन सुगर बनाने की सूचना मिली और बुधवार की अहले सुबह ही उसे लगभग दो सौ ग्राम ब्राउन सुगर के साथ पकड़ा गया।प्राप्त जानकारी के अनुशार जोधन पूर्व से ही माफिया किस्म का ब्यक्ति है।जोधन पूर्व में भी एन डी पी एस के मामले में जेल जा चुका है। राजपुर थाना में जोधन के विरुद्ध एन डी पी एस एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया है।इधर पुलिस की अफीम माफियाओं पर कार्रवाई से पोस्ता की खेती करने वालो और अफीम के सौदागरों के बीच हड़कम्प मच गया है। अभियान में बिरेन्द्र ठाकुर के साथ साथ जिला बल ले जवान मौजूद थे।

## बंद कमरे में चूल्हे की अंगीठी जलाकर सोने से कोयले की गैस से दम घुटने से दो लोगों की मौत, 3 घायल

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


मृतक शव के साथ परिजन

हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत डाड़ीकला पंचायत स्थित उपरेली डाड़ी में बीती रात घर में ठंड से बचने को लेकर कोयले की अंगीठी जलाने के कारण घर में सोए दो लोगों की कोयले से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से दम घुटने से मौत हो गई। मृतक में 65 वर्षीय नेमन देवी (पति स्वर्गीय कलहा महतो )एवं भीम कुमार महतो की 3 वर्षीय पुत्री आदिती कुमारी का नाम शामिल है। वही घर में सो रहे तीन अन्य लोग भी गैस के प्रभाव के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिसमें भीम कुमार महतो की मां 50 वर्षीय रूपम देवी एवं 20 वर्षीय बबीता कुमारी का इलाज हजारीबाग जनता सेवा सदन में किया जा रहा है, वही भीम की पत्नी 28 वर्षीय पूनम कुमारी को गंभीर रूप से घायल होने के कारण बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाया गया है। घटना को लेकर गांव में मातम पसर गया है शोक की लहर है। मृतक के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर डाड़ीकला पंचायत मुखिया गुलाब देवी एवं पूर्व मुखिया मोहन महतो के अलावा अन्य विशिष्ट समाजसेवी लोग मृतक के घर पहुंच कर परिवार वालों को ढांढस देने का काम किया। भारी संख्या में लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया जिसमें मुख्य रुप से मुखिया गुलाब देवी, पूर्व मुखिया मोहन महतो, कृष्णा राम, संदीप कुशवाहा , गौतम वर्मा, मनोज दांगी, प्रमोद महतो, प्रकाश ठाकुर, अर्जुन महतो, लालन सिन्हा,ता. पेश्वर तापस, सतानंद महतो, रामलखन महतो, राजेश्वर महतो, भुनेश्वर प्रजापति,कुलदीप महतो, भीम महतो, कारू भुईया, रंजीत महतों, कुँवर करमाली, कौलेश्वर महतो, के अलावा भारी संख्या में लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## बड़कागांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


शाखा में शामिल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग

बड़कागांव गुरुदयाल महतो बालिका उच्च विद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से संचालित सात दिवसीय शाखा प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिले से कुल 192 सदस्य गण शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखा प्रशिक्षण शिविर में शारी. रिक, मानसिक, बौद्धिक, व्यायाम, दंड प्रहार एवं न्यूध(कराटे) का प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखा का सात दिवसीय प्रशिक्षण शि. विर का आयोजन किया गया जिसमें 7 दिनों तक शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, व्यायाम, दंड प्रहार एवं न्यूध(कराटे) का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि तुलसी ठाकुर, वर्ग कार्यवाह संतोष पाण्डेय, कार्यवाह संतोष पांडे अधिवक्ता, प्रखंड कार्यवाह पिंटू सोनी , बौ. धिक प्रमुख किशोर सिन्हा शामिल प्रशिक्षकों में मुख्य रूप से अभिजीत कुमार, अनिल पाण्डेय, संदीप उपाध्याय, संदीप कुमार, विशाल कुमार, आशीष कुमार, जय नाथ कुमार ,अवधेश मिश्रा, राजू सोनी, सावर अग्रवाल, रामधनी विश्वकर्मा, लखन लाल विश्वकर्मा, सचिन सोनी, मनोज साहा, लालमणि महतो आदि शामिल थे।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## रामपुर मुखिया के मनमानी के विरोध में एकजुट हुए वार्ड सदस्य, बैठक का किया बहिष्कार

**अपेम लाइव :चौपारण**



बैठक में शामिल लोग

पंचायत सचिवालय रामपुर में पंचायत में योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कार्यकारणी की बैठक आयोजित किया था। बैठक शुरू होते ही पंचायत के उपमुखिया केवल यादव के अगुवाई में वार्ड सदस्य किरण देवी, लक्ष्मण राम, बैजन्ती देवी, अशोक कुमार राम, देवेंद्र ठाकुर, रधिया देवी, लक्ष्मी देवी, ललिता देवी, कैलाश यादव ने मुखिया वीणा देवी व पंचायत सेवक के खिलाफ नारेबाजी करते बैठक का बहिष्कार किया और दोनो पर मनमानी का आरोप लगाया। इस संदर्भ कि जानकारी देते हुए उपमुखिया केवल यादव ने बताया कि छः साल बीतने को कहा और आज तक मुखिया ने हम सभी वार्ड सदस्यों को कभी सम्मान नही दिया गया। मुखिया पर उपमुखिया ने आरोप लगाया कि आजतक हमेशा कार्यकारणी की बैठक में पारित योजनाओं को आजतक धरातल पर उतारा नही गया। कहा हर कार्यकारणी की बैठक में हमसबो को योजना कि जानकारी नही दिया जाता है और जबरजस्ती रेजिस्टर पर हस्ताक्षर करवाया जाता है। उपमुखिया ने कहा कि प्रत्येक कार्यकारणी की बैठक में मुखिया रजिस्टर में हमलोगों के योजना चढ़ाने के बाद खाली स्थान रखती है और पंचयता सेवक के आपसी मिलीभगत से रे. जिस्टर में योजना चढ़ा देती है। मुखिया पर आरोप है कि कभी कभी बिना कार्यकारणी कि बैठक के ही योजना पारित कर किया गया है।

**राजनीति कर रहे है वार्ड सदस्य, आरोप बेबुनियाद है : मुखिया**

.इधर अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बतलाते हुए मुखिया वीणा देवी ने कहा कि वार्ड सदस्य राजनीति कर रहे है। वार्ड सदस्य देवेंद्र ठाकुर व वार्ड सदस्य ललिता देवी के पति राजदीप साव सभी वार्ड सदस्यों को बहका रहे है। कहा दोनो ने अकेले मिलकर मुखिया फंड से लगभग 15 से 20 लाख योजना का कार्य किया है। कहा वार्ड सदस्य जितने योजना चढ़ाते है

## सनातन धर्म के प्रति तटस्थ और संगठित रहें : इंगलेश सोनी

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



बैठक में शामिल लोग

प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में महूगांई खुर्द शिव मंडप प्रांगण में स्वामी श्रद्धानंद के पुण्य स्मृति दिवस को धर्म रक्षा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के कई सनातनी शामिल थे। जिला समन्वय प्रमुख इंगलेश कुमार सोनी ने धर्म के प्रति लोगों को तटस्थ रहने, संगठित होने और जातिवाद में ना बंटकर संगठित रहने के लिए लोगों को प्रेरित किया। धर्म रक्षा दिवस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक खंड और उपखंड में जाकर धर्म जागरण और बढ़ते धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता देवदीप कुमार, प्रखंड मंत्री पिंटू गुप्ता,सह मंत्री संतोष ठाकुर, बजरंग दल सहसंयोजक हुलास दांगी, सत्संग प्रमुख प्रेमचंद कुमार, गौ रक्षा प्रमुख कजरू साव,धर्म प्रसार प्रमुख रामचंद्र गुप्ता, झमन महतो, चिंतामणि महतो, मटुकधारी कुमार, अंकित कुमार,कृष्णा यादव, बैजनाथ यादव, भीम प्रसाद, गौतम कुमार,सुधीर कुमार ग्राम संयोजक, आशीष यादव, सुरेश प्रजा. पति, महेंद्र यादव, संतोष कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण कार्यक्रम में उप. स्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बेहतर परफॉर्मेंस के लिए कान्हाचट्टी बीपीओ को मिला प्रशस्ति पत्र

### डीआरडीए के ओर से जिले में सरकार द्वारा चलाए गए कार्यक्रम के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद सिंह**



कान्हाचट्टी मनरेगा के प्रखण्ड कार्यक्रमआ पदाधिकारी निर. जंन कुमार सिंह को सरकार आपके द्वारा कार्य में बेहतर कार्य करने के एवज में जिला जिला ग्रामीण विकास अभिकरण चतरा के द्वारा श्री सिंह को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।बताते चलें कि कान्हाचट्टी बी पी ओ निरजंन सिंह के द्वारा आपके अधिकार आओपलकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को शुचारु ढंग से संचालित कराया ।तथा समय समय पर हरेक पंचायत में कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए कोई कसर न छूटे इसको लेकर बी पी ओ श्री सिंह हमेशा तत्प्रता से काम किया ।श्री सिंह को प्रशस्ति पत्र मिलने पर बी डी ओ हुलास महतो प्रखण्ड कार्यालय क्रमयियो ने बधाई दी है ।बधाई देने वालो में जय प्रकाश शर्मा,रामकुमार राम,बैजनाथ कुमार,रोजगार सेवक लोग शामिल है।

